प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

8 फरवरी 2025

# वित्त मंत्री ने भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित किया

भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 613वीं बैठक आज नई दिल्ली में श्री संजय मल्होत्रा, गवर्नर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंडल ने भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और संभावना की समीक्षा की। मंडल ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री, भूतपूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री और बैंक के भूतपूर्व गवर्नर डॉ. मनमोहन सिंह की स्मृति में एक शोक प्रस्ताव भी पारित किया।

श्रीमती निर्मला सीतारमण, माननीय केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री ने मंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंडल के निदेशकों को संबोधित किया और उनसे बातचीत की। माननीय वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में केंद्रीय बजट 2025-26 के विज़न, इसके प्रमुख क्षेत्रों और वित्तीय क्षेत्र से अपेक्षाओं को रेखांकित किया। वित्त मंत्री ने बजट में विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन और संवृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई नीतियों के प्रति प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया, जिसका व्यापक लक्ष्य 'विकसित भारत' प्राप्त करना है। निदेशकों ने बजट के लिए वित्त मंत्री की सराहना की तथा अपने विचार साझा किए।

केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ श्री पंकज चौधरी, माननीय वित्त राज्य मंत्री; श्री तुहिन कांत पाण्डेय, वित्त सचिव एवं सचिव, राजस्व विभाग; डॉ. मनोज गोविल, सचिव, व्यय विभाग; डॉ. अरुणीश चावला, सचिव, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग; और डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन, मुख्य आर्थिक सलाहकार भी थे।

उप गवर्नर श्री एम. राजेश्वर राव, श्री टी. रबी शंकर, श्री स्वामीनाथन जे. और केंद्रीय मंडल के अन्य निदेशक – श्री सतीश के. मराठे, श्री एस. गुरुमूर्ति, श्रीमती. रेवती अय्यर, प्रो. सचिन चतुर्वेदी, श्री वेणु श्रीनिवासन, श्री पंकज रमणभाई पटेल और डॉ. रविन्द्र एच. ढोलकिया – बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में श्री अजय सेठ, सचिव, आर्थिक कार्य विभाग और श्री नागराजू मद्दिराला, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग भी शामिल हुए।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2115**